# ग्रेनो में एकीकृत लॉजिस्टिक्स हब बनेगा

**तैयारी**

- भारत की सप्लाई चेन और निर्यात प्रतिस्पर्धा को बड़ा प्रोत्साहन
- दादरी में सरकार 1200 करोड़ से बना रही लाजिस्टिक्स पार्क

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा के बोदाकी में 8,000 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और लॉजिस्टिक्स हब बनाएगी। इसकी स्वीकृति भारत के लॉजिस्टिक्स तंत्र को आधुनिक बनाने के प्रयासों में एक ऐतिहासिक कदम है। राज्य सरकार का मानना है कि यह परियोजना राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और विकसित भारत @2047, एक विकसित, वैश्विक प्रतिस्पर्धी भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

800 एकड़ में फैला यह परिसर कंटेनर टर्मिनल, वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स और मल्टीमॉडल परिवहन अवसंरचना जैसी सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से सीधी कनेक्टिविटी भी शामिल होगी। इससे पश्चिम भारत के बंदरगाहों और औद्योगिक केंद्रों तक माल की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। बोदाकी लॉजिस्टिक्स हब भारत के राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स और व्यापार गलियारे में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगा। यह माल परिवहन को सुगम बनाएगा, ट्रांजिट समय घटाएगा और एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में फ्रेट लागत में कमी लाएगा। यह राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के उन लक्ष्यों को सशक्त करेगा जो अवसंरचना एकीकरण और लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में सुधार से जुड़े हैं।

**दादरी में भी बन रहा लाजिस्टिक्स पार्क:** ₹1,200 करोड़ रुपये की लागत से एक दूसरा लॉजिस्टिक्स पार्क भी दादरी में विकसित किया जा रहा है, जो इस क्षेत्र को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरने की दिशा में और मजबूती प्रदान करेगा।